-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना अतर्रा पुलिस द्वारा व्यक्ति को मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने वाले वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.05.2026 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा व्यक्ति को मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि ग्राम नंदना थाना अतर्रा क्षेत्र के रहने वाले प्रेमचन्द्र को मामूली विवाद में मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया था जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अतर्रा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 24.05.2026 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा ग्राम नंदना अतर्रा से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. गंगादीन पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम नंदना थाना अतर्रा जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

➢ मु0अ0सं0 96/26 धारा 191(2)/115(2)/352/351(3) बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री बालमुकुन्द शुक्ला
2. रि0कां0 आकाश यादव